क मोटर वाहन अत्यधिक धुआं फैलाते हैं,

(ख) यदि हां, तो क्या इसे रोकने/बंद करने का कोई कानून/प्रावधान/नियम है,

(ग) यदि हां, तो इन कानूनों/नियमों को लागू करने के लिए कौन से प्राधिकारी जिम्मेदार हैं, और

(घ) क्या सरकार इन कानूनों/नियमों को लागू करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विफल होने के कारण उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का विचार रखती है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) दिल्ली की सड़कों पर चलने वाली सभी प्रकार के मोटर वाहन अत्यधिक धुआं छोड़ सकते हैं लेकिन दिल्ली की सड़कों पर चलने वाले सभी मोटर वाहन अत्यधिक धुआं नहीं छोड़ रहे हैं।

(ख) से (घ) केन्द्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 की धारा 115 और 116 तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 190(2) संगत कानूनी उपबंध है। राज्य पुलिस तथा परिवहन विभाग उक्त उपबंधों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। केन्द्र सरकार ने उक्त कानूनी उपबंधों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को निदेश दिए हैं।

बसों को राज्य परिवहन प्राधिकरण के परमिट देना

4569. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाल ही में कितनी नयी बसों को राज्य परिवहन प्राधिकरण के परमिट जारी किए गए,

(ख) इनमें से कितने परमिट अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जारी किए गए, और

(ग) इन परमिट वाली बसों का सड़कों पर चलना कब तक आरंभ हो जाएगा।

जलभूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) राज्य परिवहन प्राधिकरण ने प्राईवेट आपरेटरों को 125 स्टेज कैरिज परमिट प्रदान किए हैं, जिनमें से 23 परमिट अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के व्यक्तियों को दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 3000 स्टेज कैरिज परमिट प्रदान करने की एक योजना को भी कार्यान्वित किया जा रहा है।

(ग) सभी 125 बसें चल रही हैं।

दिल्ली परिवहन निगम के अंतर्गत पुरानी बसें

4570. **मौलाना अब्दुल्ला खान आजमी** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली परिवहन निगम के अंतर्गत कितनी पुरानी बसें हैं और उनमें से कितनी आठ वर्षों से ज्यादा पुरानी हैं तथा उनका प्रतिशत क्या है,

(ख) क्षेत्र-वार तथा डिपो-वार कितनी पुरानी बसें हैं और कुल पुरानी बसों में से उनका प्रतिशत क्या है,

(ग) अंतक्षेत्रीय और अंतर्डिपो प्रतिशतता में असमानता के क्या कारण हैं, और

(घ) इस अंतर को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क)

1.7.1992 को दि०प०नि० के पास 1610 बसें आठ वर्षों से भी अधिक पुरानी थी जो कुल बेड़े का 37.36% है ।

(ख) ब्यौरे विवरण के रूप में संलग्न है । **(नीचे देखिए)**

(ग) विभिन्न क्षेत्रों/डिपुओं के पास मौजूद पुरानी बसों के अनुपात में कोई विशेष असमानता नहीं है और विभिन्न क्षेत्रों/डिपुओं के बीच पुरानी बसों के अनुपात में संतुलन बनाए रखने हेतु सभी प्रयास किए जाते है । अन्तर राज्यीय रूटों पर अपेक्षाकृत नई बसें लगाई जाती हैं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

क्षेत्र	डिपो	कुल बेडा	8 वर्ष से ज्यादा पुरानी बसों की संख्या	आठ वर्ष से ज्यादा पुरानी कुल बसों का प्रतिशत
1	2	3	4	5
	एन एन डी	145	42	2.61
	नोयडा	120	24	1.49
	पी पी जी	174	50	3.10
	एस एच डी–I	145	76	4.72
	एस एच डी–II	141	69	4.28
	वाई वी डी	68	8	0.50
	जी पी डी	80	12	0.74
		873	281	17.45
पश्चिम	डी के डी	129	76	4.72
	एच एन डी–I	139	91	5.65
	एच एन डी–II	112	49	3.04
	एच एन डी–III	67	28	1.74
	एन डी	92	85	5.28
	एम पी डी	130	7	0.43
	एस पी डी	147	56	3.48
	आर जी डी	40	22	1.37
	के पी डी	110	64	3.97
	पी जो डी	109	—	—
		1075	478	29.69

1	2	3	4	5
उत्तर	बी बी एम–II	84	44	2.73
	बी डी	136	31	1.92
	जी डी के	140	68	4.22
	डब्ल्यू पी–I	120	61	3.79
	डब्ल्यू पी–II	120	33	2.05
	डब्ल्यू पी–III	100	44	2.73
	एन एल डी	140	63	3.91
	आर ओ एच–I	95	37	2.30
	आर ओ एच–II	51	10	0.62
	आर ओ एच–III	102	39	2.42
		1088	430	26.71
दक्षिण	ए एन डी–II	163	92	5.71
	के जे डी	158	49	3.04
	ओ डी–I	167	68	4.22
	ओ डी–II	165	76	4.72
	एस पी डी	138	45	2.79
	वी वी डी	164	91	5.65
	ए न पी डी	37	—	—
		992	421	26.15
अंतरराज्यीय	आई पी डी	181	—	—
	बी बी एम –I	100	—	—
कुल जोड़ (5 क्षेत्र)		4309	1610	100.00

Car Owners in New Delhi

4571. SHRI SAMAR MUKHERJEE: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) the number of Car Owners in New Delhi as on the 31st March, 1992; and

(b) the percentage of those who are paying income tax?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) As on 31-3-1992, 4,40,166 cars were registered in Delhi.

(b) Such information is not compiled.

अहमदाबाद बड़ौदा एक्सप्रेस मार्ग का निर्माण कार्य

4572. **श्री राजूभाई ए० परमार** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अहमदाबाद बड़ौदा एक्सप्रैस मार्ग के निर्माण-कार्य के लिए दिए गए ठेके में कुछ समस्या होने के कारण इस मार्ग का निर्माण कार्य ढाई वर्षों से भी अधिक